Qus:- प्राचीन काल में प्रचलित दमन के साथ - साथ गरीबी फ्रांस की क्रांति के लिए जिम्मेदार थी। क्या आप सहमत हैं? (150 शब्द 10 अंक)

**Ans:-** __फ्रांसीसि क्रांति__ :- फ्रांस की क्रांति फ्रांस के लोगों पर हो रहे शोषण, उनके अधिकारों के हनन इत्यादि के कारण उत्पन्न हुई। फ्रांस की क्रांति अमेरिकी क्रांति को आदर्श मान कर की गई। अमेरिकी क्रांति के फलस्वरूप फ्रांस के लोगों में विश्वास उत्पन्न हुआ कि बडी से बडी सैन्य शक्ति से भी युद्ध किया जा सकता है।

फ्रांसीसि क्रांति के लिए निम्नलिखित कारक जिम्मेदार थे:-




__सामाजिक कारण__ :→



1.) फ्रांस का समाज तीन वर्गों में बंटा हुआ था, जिसमें केवल निम्न वर्ग अर्थात् समाज के आम जनता को ही कर देना पडता था जबकि उच्च वर्ग / पादरी व सामंतवादी कर देने से मुक्त थे।

2.) उच्च वर्ग के लोग ही प्राशसानिक पदों को ग्रहण करते थे एवं सेना में भी उच्च स्थान ग्रहण था। ये उच्च वर्ग के लोग व्यापार करने व उद्योग लगाने को अपनी शान के विरुद्ध मानते थे।

3.) समाज के तीनों वर्गों में ही नाराजगी मौजूद थी क्योंकि:-

i.) व्यापारी वर्ग सबसे ज्यादा पैसा कमाता था किंतु फिर भी वह निम्न वर्ग में मौजूद था।

ii) सामंतवादियों में केवल राजा के नाते - रिश्तेदार ही उच्च पद ग्रहण करते थे जबकि अन्य लोग काबिलियत होने के बाद भी निम्न पद पर मौजूद थे, जिस कारण ऐसे लोगों में नाराज़गी मौजूद थी।

iii) समाज में पादरी वर्ग के छोटे पादरी भी सामाजिक असमानता के शिकार थे।

2) <u>राजनैतिक कारण</u> :-

(i) फ्रांस की राजव्यवस्था में ईश्वरीय अधिकार सिद्धांत को माना जाता था, जिसके तहत राजा को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता था व राजा केवल ईश्वर के प्रति ही उत्तरदायी था।

(ii) वहाँ का राजा अयोग्य राजा था।

(iii) राजा की पत्नी भ्रष्टाचारी मंत्रियों के साथ मिलकर कुछ गलत निर्णय ले रही थी।

(iv) प्रांत एवं स्थानीय प्रशासन लोगों को सेवा देने में असमर्थ थे व लोगों पर अत्याचार करते थे।

3.) **आर्थिक कारण** :- फ्रांस द्वारा अमेरिका को मदद पहुँचाने के कारण फ्रांस का कुछ दरिद्रता में निम्न कारणों से बदल गया :→

(i) फ्रांस में कर्जा आंतरिक व बाहरी दोनों स्त्रोतों से हद से ज्यादा बढ गया।

(ii) आय की तुलना में खर्चे ज्यादा हो गए।

(iii) फ्रांस के कुछ क्षेत्रों को राजा द्वारा बेचा गया।

(iv.) वित्तीय संकटो को देखते हुए राजा ने अधिक कर वसूलने का प्रयास किया परंतु समाज ज्यादा कर देने के खिलाफ था।

(v.) 1787 में समाज में सूखा पडने के कारण फसल खराब हुई जिसके पश्चात :→

उत्पादन ↓ माँग ↑ कीमतें ↑ गरीबी ↑

अर्थात् मँहगाई बढने से गरीबी की स्थिति उत्पन्न हुई एवं समाज के किसान व निम्न वर्ग के लोगों का दुख असहनीय हो गया।

**निष्कर्ष** :- अतः समाज में इन कारणों से लोगों का दमन हो रहा था तथा साथ ही साथ राजा की गलत नीतियाँ समाज में गरीबी का कारण बन कर उभरी एवं लोगों पर हो रहे दमन, अत्याचार व शोषण के साथ - साथ उन्हें राजा के कारण जिस गरीबी का सामना करना पडा, यह सब फ्रांस की क्रांति के लिए जिम्मेदार थे।